30 अगस्त 2013

जिला प्रशासन का गांव सांपन खेड़ी (खण्ड कैथल) में रात्रि ठहराव कार्यक्रम।

उपलब्धियां

1. कृषि विभाग द्वारा चार प्रगतिशील किसानों को गुजरात कृषि एक्सपो मेला अहमदाबाद के लिए यात्रा टिकट मुहैया करवाई गई। इसके अलावा 15 व्यक्तियों को अनाज के भंडारण के लिए मैटालिक बिन्स अर्थात टंकियां वितरित की।

2. खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 32 डुप्लीकेट राशन कार्ड जारी किए गए।

3. जिला प्रशासन के जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव के 121 पानी के कनैक्शन नियमित किए गए।

4. रक्तदान शिविर में 20 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

5. विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा 120 व्यक्तियों को कानूनी जानकारी दी गई।

6. पशुपालन विभाग द्वारा 285 पशुओं का उपचार किया गया।

7. निर्वाचन कार्यालय द्वारा 17 लोगों के वोट बनाए गए।

8. जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा 18 वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पैंशन फार्म स्वीकृत किए गए।

9. श्री ओमप्रकाश जिंदल ग्रामीण जन कल्याण संस्थान द्वारा 76 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाईयां वितरित की गई।

10. स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिनभर लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में तैनात चिकित्सकों द्वारा 76 लोगों का उपचार किया गया।

11. लीड बैंक द्वारा 63 व्यक्तियों को ऋण से सम्बन्धित जानकारी दी गई।

12. बिजली विभाग द्वारा 15 कुंडी कनैक्शनों को नियमित किया गया।